NAVODYA TIMES, Delhi, 21.6.2018
Page No. 11, Size:(7.42)cms X (8.27)cms.

बैंकों-डाकघरों की 18,000 शाखाओं में शुरू हो गए आधार केंद्र : पांडेय

नई दिल्ली, 20 जून (एजेंसी): बैंकों एवं डाकघरों परिसरों में आधार केंद्र की शुरूआत के एक साल से भी कम समय में 18,000 शाखाओं में ऐसे केंद्र खुल चुके हैं। भारत विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यू.आई.डी.ए.आई.) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय भूषण पांडेय ने यह जानकारी दी। पांडेय ने एक साक्षात्कार दौरान कहा, ''बैंकों एवं डाकघरों में आधार केंद्र बनाए जा रहे हैं। अभी तक बैंकों एवं डाकघरों की करीब 18000 शाखाओं में ये केंद्र बनाए जा चुके हैं और शेष शाखाओं में भी केंद्र बनाए जा रहे हैं।''

देश में बैंकों एवं डाकघरों की कुल 26,000 शाखाओं में आधार केंद्र बनाए जाने हैं। पांडेय ने कहा कि 13,000 लक्षित डाकघरों में से 8000 में ये केंद्र बनाए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा, ''तथ्य है कि पिछले कुछ महीने में 18,000 केंद्र बनाए जा चुके हैं। बैंकों एवं डाकघरों ने इसके लिए काफी मेहनत की है। लोगों का भरोसा एवं सुरक्षा बढ़ाने हेतु केंद्रों को इन भरोसेमंद जगहों में शुरू किया जा रहा है। इससे लोगों को सुरक्षित तरीके से गुणवत्तायुक्त सेवा मिल सकेगी।''